## हमसे जुड़ें और अपनी क्षमता से परिचित हो

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग प्रोफाइल के लिए भर्ती

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का गठन 15 जुलाई, 1974 को हुआ था। एचपीसीएल एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) है, जिसकी वर्ष 2023-24 के दौरान वार्षिक सकल बिक्री 4,59,815 करोड़ रुपए है।

एचपीसीएल ने 2023-24 के दौरान 46.8 एमएमटी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री मात्रा हासिल की और 103% रिफाइनरी क्षमता उपयोग के साथ 22.3 मिलियन टन कच्चे तेल की प्रोसेसिंग की तथा वर्ष के दौरान 25.8 एमएमटी का अब तक का सबसे अधिक पाइपलाइन थ्रूपुट हासिल किया। अक्तूबर 2024 तक एचपीसीएल के पास भारत में लगभग 20.48% बाजार हिस्सेदारी है और देश में पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग और विपणन में इसकी मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2023-24 के दौरान, एचपीसीएल ने 14,694 करोड़ रुपए का अब तक का सर्वाधिक एकल पीएटी दर्ज किया।

एचपीसीएल मुंबई और विशाखापत्तनम में क्रमशः 9.5 एमएमटीपीए और 13.7 एमएमटीपीए की डिज़ाइन की गई क्षमताओं के साथ रिफाइनरियों का स्वामित्व और संचालन करती है। एचपीसीएल के स्वामित्व में 428 टीएमटीपीए की क्षमता के साथ ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक के उत्पादन के लिए मुंबई में देश की सबसे बड़ी ल्यूब रिफाइनरी है। एचपीसीएल के पास जेवी कंपनी एचएमईएल में 48.99% इक्विटी हिस्सेदारी है, जो पंजाब में 11.3 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी संचालित करती है, और एमआरपीएल में भी 16.96% इक्विटी हिस्सेदारी है, जो कर्नाटक में 15 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी संचालित करती है।

एचपीसीएल के पास एक विशाल विपणन नेटवर्क है जिसमें प्रमुख शहरों में 19 अंचल कार्यालय और 145 क्षेत्रीय कार्यालय शामिल हैं। इसे आपूर्ति और वितरण संरचना के माध्यम से समर्थित किया गया है, जिसमें 43 टर्मिनल/ इंस्टॉलेशन/टैप ऑफ पॉइंट, 57 विमानन सेवा स्टेशन, 56 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, 4 ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट, 35 डिपो और 35 एक्सक्लूसिव ल्यूब डिपो शामिल हैं। ग्राहक संपर्क बिंदुओं में 22,631 रिटेल आउटलेट, 1,638 एसकेओ/ एलडीओ डीलर, 336 बाजार ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर, 144 औद्योगिक ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेल आउटलेट पर 1,817 सीएनजी सुविधाएं, 4,123 ईवी चार्जिंग स्टेशन, 840 डोर-टू-डोर डिलीवरी डिस्पेंसर और 6,367 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप शामिल हैं, जिनका ग्राहक आधार अक्तूबर 2024 तक 9.69 करोड़ से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं का है।

एचपीसीएल के पास भारत में दूसरा सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क है, जिसकी नेटवर्क लंबाई 5,134 कि.मी. है। एचपीसीएल तेल और गैस मूल्य श्रृंखला में संचालित 20 संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों के माध्यम से भी कारोबार करता है।

एचपीसीएल का बेंगलुरु में 'एचपी हरित अनुसंधान एवं विकास केंद्र' नाम से अपना अनुसंधान एवं विकास केंद्र है। केंद्र परिचालन सुधार के लिए रिफाइनरियों और विपणन एसबीयू को उन्नत तकनीकी सहायता



प्रदान करता है, नई तकनीकों को आत्मसात करता है, नवीन और पथ-प्रदर्शक तकनीकों का विकास करता है, तकनीकों को लाइसेंस देता है और ज्ञान केंद्र बन जाता है।

एचपीसीएल पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व को समझता है, जो हमारे ग्रह के स्वास्थ्य, वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण, और पारिस्थितिक तंत्र व जैव विविधता के संरक्षण के लिए आवश्यक है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, एचपीसीएल ने कार्बन उत्सर्जन में कमी, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में विभिन्न पहल की हैं। एचपीसीएल ने वर्ष 2040 तक स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जनों में नेट जीरो तक पहुंचने की योजना की भी घोषणा की है। साथ ही, वित्तीय, सामाजिक और पर्यावरणीय पूंजी के ट्रिपल बॉटम लाइन फ्रेमवर्क पर समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है, ताकि व्यवसाय के उच्च मूल्यों को प्राप्त किया जा सके।

एचपीसीएल पर्यावरण को संरक्षित करने, सतत विकास, सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखने, और कर्मचारियों, ग्राहकों और समुदाय के जीवन की गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए व्यवसाय संचालन करने के प्रति प्रतिबद्ध है। एचपीसीएल का सीएसआर सामाजिक विकास के प्रति कॉर्पोरेशन की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मुख्य फोकस क्षेत्र हैं – शिशु देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, खेल, पर्यावरण और सामुदायिक विकास, इनक्यूबेटर में योगदान और सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में योगदान।

**एचपीसीएल प्रतिभाशाली और प्रेरित उम्मीदवारों को ऊर्जा क्षेत्र में रोमांचक करियर अवसरों के लिए आमंत्रित करता है, जो हमारी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर भारत के ऊर्जा भविष्य में योगदान देने के इच्छुक हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एचपीसीएल के विपणन प्रभाग में निम्नलिखित रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

## 1. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत** | **15 जनवरी 2025 (0900 बजे से)** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | **14 फरवरी 2025 (2359 बजे तक)** |

## 2. पद, पात्रता मानदंड और रिक्तियों का विवरण

| क्र. सं. | पद | वेतनमान (रु.) | रिक्तियाँ | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएँ | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर एग्जीक्यूटिव-मैकेनिकल | (30000-120000) | 130 | 25 | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 3-वर्षीय पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा | शून्य |
| 2 | जूनियर एग्जीक्यूटिव-इलेक्ट्रिकल | (30000-120000) | 65 | 25 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3-वर्षीय पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा | |



| क्र. सं. | पद | वेतनमान (रु.) | रिक्तियाँ | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएँ | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | जूनियर एग्जीक्यूटिव-इंस्ट्रूमेंटेशन | (30000-120000) | 37 | 25 | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में 3-वर्षीय पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा | |
| 4 | जूनियर एग्जीक्यूटिव-केमिकल | (30000-120000) | 2 | 25 | केमिकल इंजीनियरिंग में 3-वर्षीय पूर्णकालिक नियमित डिप्लोमा | |

| डिप्लोमा इंजीनियरिंग कार्य | |
|---|---|
| **मुख्य विषय** | **डिप्लोमा प्रमाण-पत्र पर उल्लिखित पात्र डिप्लोमा** |
| मैकेनिकल | मैकेनिकल इंजीनियरिंग |
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | इंस्ट्रूमेंटेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग |
| केमिकल | केमिकल इंजीनियरिंग, केमिकल टेक्नोलॉजी |

| योग्यता डिप्लोमा में आवश्यक न्यूनतम अंक | |
|---|---|
| अन्य सभी पद | यूआर/ ओबीसीएनसी/ ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम 60% अंक और अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 50% अंक |

## 3. शॉर्टलिस्टिंग और चयन प्रक्रिया

क. चयन प्रक्रिया में विभिन्न शॉर्टलिस्टिंग और चयन उपकरण जैसे कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी), समूह कार्य/समूह चर्चा, कौशल परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि शामिल हो सकते हैं, जो पद की आवश्यकता के आधार पर आयोजित किए जाएंगे।

ख. अपेक्षित पात्रता मानदंडों को पूरा करने का दावा करने वाले सभी उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित टेस्ट के लिए बुलाया जा सकता है।

ग. कंप्यूटर आधारित टेस्ट में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे और इसमें दो भाग होंगे।

i. **सामान्य योग्यता** जिसमें अंग्रेजी भाषा, मात्रात्मक योग्यता परीक्षण और बौद्धिक क्षमता परीक्षण (तार्किक तर्क और डेटा व्याख्या) शामिल हैं।

ii. **तकनीकी/ व्यावसायिक ज्ञान** जिसमें आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक योग्यता डिग्री/ शैक्षणिक पृष्ठभूमि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे।

घ. कंप्यूटर आधारित टेस्ट में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता और पूर्व निर्धारित अनुपात के क्रम में समूह कार्य/ समूह चर्चा, कौशल परीक्षण और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। समूह कार्य/ समूह चर्चा, कौशल परीक्षण में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित टेस्ट, समूह

कार्य/ समूह चर्चा, कौशल परीक्षण और व्यक्तिगत साक्षात्कार में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर रोजगार-पूर्व मेडिकल परीक्षा के लिए भेजा जाएगा।

ङ. उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए योग्य माने जाने हेतु प्रत्येक लागू चयन प्रक्रिया चरण में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

च. सभी लागू चरणों में अर्हता प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए एक श्रेणी और अनुशासन-वार मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

**टिप्पणी: कंप्यूटर आधारित टेस्ट, शॉर्टलिस्टिंग पद्धति (यदि लागू हो), चयन प्रक्रिया के लिए पाठ्यक्रम से संबंधित विवरण चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हमारी वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।**

## 4. परिलब्धियाँ

| वेतनमान* (रु.) | कंपनी की लागत (सीटीसी) लगभग |
|---|---|
| 30000-120000 | रु. 10.58 लाख |

**उम्मीदवार को वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर नियुक्त किया जाएगा।*

टिप्पणी:- उल्लिखित सीटीसी की गणना वेतन ग्रेड के न्यूनतम आधार स्तर पर की गई है और इसमें बेस पे, सेवानिवृत्ति लाभ, महंगाई भत्ता, एचआरए और कैफेटेरिया भत्ता शामिल है। इसमें प्रदर्शन से संबंधित वेतन (अधिकतम पर गणना) भी शामिल है, जो कई कारकों पर निर्भर है और कॉर्पोरेशन की नीति के अनुसार देय है। कृपया नोट करें कि सेवानिवृत्ति लाभ उस समय प्रचलित कॉर्पोरेशन की नीति के अनुसार सेवा समाप्ति/ सेवानिवृत्ति के समय देय होंगे। सीटीसी मेट्रो शहरों में तैनात उम्मीदवारों के लिए है और अन्य स्थानों पर यह भिन्न हो सकता है।

निगम एक व्यापक लाभ पैकेज भी प्रदान करता है, जिसमें कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए उदार चिकित्सा बीमा कवरेज शामिल है; वार्षिक अवकाश पात्रता, जिसमें आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश, आधे वेतन पर अवकाश आदि शामिल हैं; वित्तीय सहायता कार्यक्रम, जिसमें आवास ऋण, वाहन ऋण और बच्चों के लिए शिक्षा ऋण शामिल हैं; निवास के लिए फर्नीचर अग्रिम; आने-जाने के खर्चों का समर्थन करने के लिए वाहन भत्ता; दूरस्थ कार्य व्यवस्था के लिए कंप्यूटर और इंटरनेट भत्ता; मोबाइल फोन और मासिक खर्च आदि की प्रतिपूर्ति।

## 5. रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच

उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि उम्मीदवार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और/या कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार शारीरिक सहनशक्ति परीक्षण पास कर ले। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एचपीसीएल द्वारा नामित/ पैनल वाले अस्पतालों में अपनी रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच करवानी होगी। एचपीसीएल के मुख्य चिकित्सा सलाहकार द्वारा चिकित्सा फिटनेस पर लिया गया निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा। **दोबारा परीक्षा के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।** चिकित्सा परीक्षा के लिए संदर्भ का अर्थ अंतिम चयन नहीं है।

रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच मानक एचपीसीएल कॉर्पोरेट वेबसाइट (www.hindustanpetroleum.com/careers) पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले सुनिश्चित करें कि वे एचपीसीएल के रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हैं।

## 6. नियुक्ति/ तैनाती

नियुक्ति/ तैनाती देश में किसी भी स्थान पर निगम के किसी भी एसबीयू/विपणन विभाग में हो सकता है। वर्तमान में, पीओएल आपूर्ति स्थानों, एलपीजी संयंत्रों, पाइपलाइनों, विमानन सेवा सुविधाओं (एएसएफ), ल्यूब संयंत्रों आदि में रिक्तियां हैं। इसके बाद सेवाएं निगम की आवश्यकता के अनुसार किसी भी एसबीयू/विभाग/मंडल को हस्तांतरित की जाएंगी। इन पदों में शिफ्ट ड्यूटी में काम करना शामिल है। चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार की किसी भी सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम या किसी भी विभाग में पोस्ट सौंपा जा सकता है।

## 7. परिवीक्षा और प्रतिधारण

**परिवीक्षा**: चयनित अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूरा होने पर, अधिकारी को कंपनी की नीति के अनुसार स्थाय करने पर विचार किया जाएगा।

**प्रतिधारण राशि**: रु. 30000-120000 के वेतनमान वाले अधिकारियों के लिए परिवीक्षा अवधि के दौरान पहले छह महीनों के लिए कुल परिलब्धियों से प्रति माह रु. 5000 की राशि प्रतिधारण राशि के रूप में काटी जाएगी। यह राशि अधिकारियों को उनकी स्थायीकरण के बाद ही वापस की जाएगी। यदि कर्मचारी कॉर्पोरेशन को छोड़ता है या पुष्टि से पहले सेवा समाप्ति होती है, तो प्रतिधारण राशि जप्त कर ली जाएगी।

## 8. आरक्षण, रियायतें और छूट

क. अ.जा., अ.ज.जा., ओबीसीएनसी, ईडब्ल्यूएस और पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क दिव्यांगजन - दिव्यांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक) के लिए पदों का आरक्षण सरकारी निर्देशों के अनुसार है। आरक्षण सांविधिक दिशा-निर्देशों और आर.के. सभरवाल बनाम पंजाब राज्य मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने दिनांक 02.07.1997 के का.ज्ञा. सं. 36012/2/96-स्था.(आरक्षण) के माध्यम से रिक्ति आधारित रोस्टर को पद आधारित रोस्टर से बदल दिया। नीचे दिए गए आरक्षण को मौजूदा श्रेणी-वार कैडर जनशक्ति, संबंधित श्रेणियों में अधिकता/ कमी और विज्ञापित रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए माना गया है।



श्रेणी-वार रिक्ति वितरण नीचे दिया गया है।

| वेतनमान (रु.) | अ.जा. | अ.ज.जा. | ओबीसीएनसी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30000- 120000 | 35 | 17 | 63 | 23 | 96 | 234 |

ख. अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसीएनसी/ ईडब्ल्यूएस के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए नामित प्राधिकारी से निर्धारित प्रोफार्मा (प्रारूप एचपीसीएल वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है) में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/ आदेश जिसके तहत जाति को अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसीएनसी के रूप में मान्यता दी गई है और वह गांव/शहर जहां का उम्मीदवार सामान्य रूप से निवासी है, का उल्लेख हो। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके जाति/ समुदाय प्रमाण-पत्र में उनकी जाति/ समुदाय का नाम और उसकी वर्तनी ठीक वैसी ही होनी चाहिए जैसी कि समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूचियों में उल्लिखित है (ओबीसीएनसी श्रेणी के लिए भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूची में ओबीसी जातियों के रूप में मान्यता-प्राप्त जातियों की सूची http://www.ncbc.nic.in साइट पर उपलब्ध है, अ.ज.जा. श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची www.ncst.nic.in साइट पर उपलब्ध है और अ.जा. श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य की जातियों की सूची http://www.socialjustice.nic.in साइट पर उपलब्ध है)। जाति के नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन वाला प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, ओबीसी प्रमाण-पत्र में यह भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि उम्मीदवार केंद्र सरकार के तहत पदों और सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए भारत सरकार द्वारा परिभाषित क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है।

ग. उम्मीदवार का ओबीसी दावा उस राज्य (या राज्य के हिस्से) के संबंध में निर्धारित किया जाएगा जिससे उसके पिता मूल रूप से संबंधित हैं। इसलिए, कोई उम्मीदवार, जो एक राज्य (या राज्य के हिस्से) से दूसरे राज्य में चला गया है, उसे एक ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, जो उसे उसके पिता के ओबीसी प्रमाण-पत्र के आधार पर उस राज्य से जारी किया गया होना चाहिए, जहां से वह (पिता) मूल रूप से संबंधित है।

घ. कोई व्यक्ति, जो पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण के शिथिल मानकों का लाभ उठाना चाहता है, उसे आरपीडब्ल्यूबीडी अधिनियम, 2016 में निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना संख्या: 38-16/2020-डीडी-III-दिनांक 04/01/2021 के अनुसार, उन पदों/विषयों की सूची, जिनमें पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, रिक्तियों के विरुद्ध दी गई है। इन रिक्तियों में पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को नौकरी के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की प्रकृति, स्थान, खतरे, तनाव और अन्य कारकों पर विचार करने के बाद नियुक्ति की पेशकश की जाएगी। अंतिम

नियुक्ति उम्मीदवार की चिकित्सा फिटनेस पर आधारित होगी, जो निर्धारित पद के नौकरी प्रोफाइल के अनुरूप होगी।

ड. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए, आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वैध होगा और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आय और संपत्ति सत्यापन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए। उक्त प्रमाण-पत्र में जाति का नाम स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए। जाति का नाम जैसे "सामान्य आदि" पर्याप्त नहीं होगा। प्रमाण-पत्र पर आवेदक की फोटो विधिवत चिपकाई जानी चाहिए, जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और मुहर लगी होनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों द्वारा साक्षात्कार के समय 'आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत किया जाएगा (यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है)। उक्त तिथि के बाद 'आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि उम्मीदवार साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, सामान्य श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए उनके अनुरोध पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

च. अधिकतम आयु सीमा में अ.जा. और अ.ज.जा. के लिए 5 वर्ष, ओबीसीएनसी के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (यूआर) के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (ओबीसीएनसी) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी (एससी/एसटी) उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष की छूट दी गई है।

छ. 01.01.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है।

ज. भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ/ एसएससीओ सहित) के लिए अधिकतम आयु में 5 वर्ष की छूट लागू है, बशर्ते उन्होंने सशस्त्र बलों में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा की हो और भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा किया हो।

झ. आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात् 14 फरवरी 2025 को आवेदकों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।

ञ. ओबीसी उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, वे ओबीसीएनसी उम्मीदवारों को स्वीकार्य छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी अनारक्षित (यूआर) के रूप में दर्शानी होगी।

ट. इसके अलावा, ओबीसीएनसी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय डीओपीटी ज्ञापन सं.36012/22/93-एक्सटेंशन (एससीटी) दिनांक 08.09.1993 के अनुसार एक स्व-वचन देना होगा, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि वे ओबीसी-गैर-क्रीमी लेयर से संबंधित हैं।

ठ. अ.जा., अ.ज.जा., ओबीसीएनसी, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए मूल्यांकन/ चयन में शिथिल मानक लागू किए जाएंगे।

ड. यदि अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसीएनसी/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो उम्मीदवारों को अंग्रेजी या हिंदी में इसकी स्व-प्रमाणित अनुवादित प्रति जमा करनी होगी।

ढ. **ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरे गए श्रेणी (यूआर/ईडब्ल्यूएस/ अ.जा./ अ.ज.जा.,/ ओबीसीएनसी/ पीडब्ल्यूबीडी) में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और तदनुसार लागू रियायत/ छूट नहीं दी जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे श्रेणी का उल्लेख करते समय आवेदन को अत्यंत सावधानी से भरें।**

ण. इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना सं.16-15/2010 डीडी.111 दिनांक 29/07/2015 के अनुसार, उन पदों/ विषयों की सूची, जिनमें पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने के पात्र हैं, नीचे दी गई है:

| पद | पीडब्ल्यूबीडी पात्रता |
|---|---|
| जूनियर एग्जीक्यूटिव-मैकेनिकल | एलवी.डी.एचएच.ओए.बीए.ओएल. एल.सी. डव. एएवी. एएसडी (एम). एसएलडी. एमआई.एमडी (उपर्युक्त कोई भी संयोजन) |
| जूनियर एग्जीक्यूटिव-इलेक्ट्रिकल | डी. एचएच. ओएल. एलसी. डीडब्ल्यू. एएवी.एसएलडी.एमआई.एमडी (उपर्युक्त कोई भी संयोजन) |
| जूनियर एग्जीक्यूटिव-इंस्ट्रूमेंटेशन | डी. एचएच. ओएल. सीपी. एलसी. डीडब्ल्यू. एएवी.एएसडी(एम). एसएलडी. एमआई.एमडी (उपर्युक्त कोई भी संयोजन) |
| जूनियर एग्जीक्यूटिव-केमिकल | एचएच. ओए. ओएल. सीपी. डीडब्ल्यू. एएवी. एसएलडी. एमआई. एमडी (ऊपर दिए गए संयोजनों में से कोई भी) |

**संक्षिप्त रूप:** बी=अंध, डी=बहरा, एलवी=कम दृष्टि, एचएच=सुनने में कठिनाई, ओए=एक हाथ, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों हाथ, बीएल=दोनों पैर, ओएएल=एक हाथ और एक पैर, बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनों पैर और हाथ, सीपी=मस्तिष्क आघात, एलसी= उपचारित कुष्ठ रोग, डीडब्ल्यू=बौनापन, एएवी=एसिड अटैक पीड़ित, एएसडी(एम)=ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एम=हल्का, एमओडी=मध्यम), एसएलडी=विशिष्ट सीखने की अक्षमता, एमआई=मानसिक बीमारी, एमडीवाई=मांसपेशियों की दुर्बलता, एमडी=एकाधिक दिव्यांगता।

## 9. आवेदन प्रक्रिया

क. ऑनलाइन आवेदन 15 जनवरी 2025 को सुबह 0900 बजे से 14 फरवरी 2025 को 2359 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

ख. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विस्तृत विज्ञापन पढ़ने के बाद केवल www.hindustanpetroleum.com करियर → करेंट ओपनिंग्स पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/ तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग. अधूरे/ गलत विवरण वाले या निर्धारित प्रारूप में न होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

घ. ऑनलाइन आवेदन में प्रदान की गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष के लिए वैध रहना चाहिए। अभ्यर्थियों को अपने नाम से बनाए गए उचित ई-मेल आईडी का उपयोग करना चाहिए। छद्म/ नकली ईमेल आईडी वाले आवेदनों पर कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

ड. ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

च. किसी भी कारण से आवेदन शुल्क के साथ अपूर्ण आवेदन जमा करने की स्थिति में, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। इस पर आगे कोई संचार/ विचार नहीं किया जाएगा।

छ. उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया से पहले, एचपीसीएल द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पात्रता का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन पत्र में दिए गए डेटा से नाम, योग्यता, या अन्य दस्तावेज़ी मानदंडों में कोई असंगति पाई जाती है, तो किसी भी चरण में अयोग्यता हो सकती है।

ज. विभिन्न पदों के लिए सीबीटी/ व्यक्तिगत साक्षात्कार एक ही दिन/ सभी पदों के लिए अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा सकते हैं।

झ. सीबीटी/ साक्षात्कार के लिए स्थान/ तिथि में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 10. आवेदन शुल्क

क. सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क लागू है।

ख. अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

ग. यूआर, ओबीसीएनसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ₹1180/- की गैर-वापसी योग्य राशि + भुगतान गेटवे शुल्क, यदि कोई हो (आवेदन शुल्क ₹1000/- + जीएसटी@18% अर्थात् ₹180/- + भुगतान गेटवे शुल्क यदि लागू हो) का भुगतान करना होगा।

घ. भुगतान मोड: डेबिट/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई/ नेट बैंकिंग: आवेदन शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने पर, शुल्क की सफल प्राप्ति पर भुगतान की स्थिति स्वचालित रूप से "आपका लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है" में बदल जाएगी।

ङ. सभी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भुगतान की स्थिति "पूर्ण" है क्योंकि किसी अन्य भुगतान स्थिति के मामले में लेनदेन को "अपूर्ण" माना जाएगा। भुगतान हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को भुगतान की पावती का प्रिंट लेना होगा और भविष्य के संदर्भ के लिए उसे सुरक्षित रखना होगा।

च. ऊपर बताए गए भुगतान के अलावा कोई अन्य भुगतान विधि स्वीकार नहीं की जाएगी।

छ. एक बार भुगतान किए गए आवेदन शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। साथ ही, किसी भी कारण से चार्जबैक का दावा नहीं किया जा सकता है।

ज. जो शुल्क भुगतान किया जा रहा है, वह केवल आवेदन जमा करने के लिए है और यह किसी भी प्रकार से साक्षात्कार कॉल लेटर जारी करने की गारंटी नहीं है।

## 11. सामान्य निर्देश

क. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

ख. आयु/ प्रासंगिक अनुभव आवश्यकता/ योग्यता की सभी गणनाएँ ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात् **14 फरवरी 2025** के संबंध में की जाएँगी।

ग. प्रश्नों को ई-मेल के विषय को "पद का नाम - आवेदन संख्या" के रूप में रखते हुए careers@hpcl.in पर ई-मेल किया जाना चाहिए।

घ. सभी योग्यताएँ एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/ यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय/ मानित विश्वविद्यालय/ राज्य बोर्ड से **पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम** होनी चाहिए। स्वायत्त संस्थानों द्वारा पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (एआईयू/यूजीसी/ एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित/ मान्यता-प्राप्त प्रासंगिक पाठ्यक्रमों के समकक्ष होने चाहिए।

ङ.. उपर्युक्त संबंधित पदों के विरुद्ध निर्दिष्ट शाखाओं/ विषयों में योग्यताएँ ही केवल पात्र योग्यता मानी जाएँगी। निर्दिष्ट शाखाओं/ विषयों के अलावा अन्य में डिप्लोमा/ डिग्री/ आईटीआई पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखने के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

च. इंजीनियरिंग, बीई, एएमआईई या ऐसी किसी समकक्ष योग्यता जैसी उच्च व्यावसायिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार पात्र नहीं हैं। इसलिए, ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, ऊपर उल्लिखित न्यूनतम योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले और आगे उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं।

छ. जहां भी योग्यता डिग्री में सीजीपीए/ ओजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन-पत्र में अंकों का समकक्ष प्रतिशत दर्शाया

जाना चाहिए। कृपया विश्वविद्यालय/ संस्थान से इस आशय का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त करें, जो साक्षात्कार के समय आवश्यक होगा

ज. सैंडविच डिप्लोमा कोर्स (बिना ब्रेक के कोर्स के भाग के रूप में औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ) पात्र माना जाएगा। मान्यता-प्राप्त लेटरल एंट्री स्कीम के तहत डिप्लोमा (कक्षा-XII (विज्ञान)/डिप्लोमा कोर्स के दूसरे वर्ष में प्रवेशित आईटीआई) को भी डिप्लोमा कोर्स में 4 सेमेस्टर के कुल योग के आधार पर निर्धारित प्रतिशत अंक प्राप्त करने के अधीन पात्र माना जाएगा।

झ. शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र, मेडिकल फिटनेस आदि के बाद के सत्यापन के अधीन होगी।

ञ. उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से यह घोषित करना होगा (यदि उन्हें बाद के चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है) कि क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उन पर मुकदमा चलाया गया है, हिरासत में रखा गया है या जुर्माना लगाया गया है, किसी भी अपराध के लिए कानून के न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है, किसी भी लोक सेवा आयोग द्वारा उनकी परीक्षा में बैठने से वंचित/ अयोग्य घोषित किया गया है। सीबीटी में केवल शॉर्टलिस्टिंग से साक्षात्कार का अधिकार नहीं मिलता है और कॉर्पोरेशन को उनके प्रतयय-पत्रों/ घोषणाओं के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार सुरक्षित है।

ट. **ऑनलाइन फॉर्म में उल्लिखित सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और बाद में बदलाव के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित क्षेत्रों में सही प्रविष्टियाँ करते हुए अत्यंत सावधानी से ऑनलाइन फॉर्म भरें। एक बार जमा किए गए आवेदन पर बाद में किसी भी प्रकार के संपादन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।**

ठ. चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव में उल्लिखित तिथि पर संगठन में शामिल होना होगा, अन्यथा संगठन उम्मीदवारों के साथ किसी भी पत्राचार/ संदर्भ के बिना नियुक्ति प्रस्ताव को रद्द करने / वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ड. कंप्यूटर आधारित परीक्षा, साक्षात्कार कॉल लेटर आदि के लिए प्रवेश कार्ड उम्मीदवारों को हार्ड कॉपी में नहीं भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों को एचपीसीएल की वेबसाइट से इसे डाउनलोड करना होगा।

ढ. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए प्रवेश कार्ड सभी प्रथम दृष्टया पात्र उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दिए गए विवरण और आवेदन शुल्क (सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसीएनसीएल श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए लागू) जमा करने के आधार पर जारी किए जाएंगे।

ण. उम्मीदवारों को जारी किए गए प्रवेश कार्ड अनंतिम हैं। तथापि, यदि किसी अयोग्य उम्मीदवार को प्रवेश कार्ड जारी किया गया था और वह कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में उपस्थित हुआ था या एचपीसीएल में शामिल होने की अनुमति दी गई थी, तो उसकी उम्मीदवारी एचपीसीएल में इस भर्ती/ सेवा के किसी भी चरण में उसकी अयोग्यता के आधार पर स्वचालित रूप से रद्द मानी जाएगी। इसलिए, आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह इस विज्ञापन

में निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। एचपीसीएल में उसकी नियुक्ति से पहले या बाद में पात्रता और अन्य सत्यापन के अधीन उसकी उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम होगी।

त. रिक्तियों और आरक्षित रिक्तियों की कुल संख्या अनंतिम है और कॉर्पोरेशन के व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर विवेक पर बढ़/घट सकती है। एचपीसीएल चयन के किसी भी चरण में विज्ञापित किसी भी पद या उपर्युक्त सभी पदों को नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

थ. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर जाकर चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर अपडेट रहें। उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि भर्ती अभियान के दौरान एचपीसीएल के किसी भी अधिकारी से व्यक्तिगत कॉल और/या बातचीत को हतोत्साहित किया जाता है, सिवाय जब यह बिल्कुल आवश्यक/महत्वपूर्ण हो।

द. एचपीसीएल अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी या संपर्क नंबर के कारण ई-मेल या भेजे गए किसी अन्य संचार के किसी भी नुकसान/ डिलीवरी न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ध. एचपीसीएल उस क्षेत्र/ केंद्र में प्रतिक्रिया के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र/ व्यक्तिगत साक्षात्कार केंद्र को रद्द करने या जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

न. कॉर्पोरेशन को बिना किसी सूचना के और कोई कारण बताए बिना भर्ती/ चयन प्रक्रिया को रद्द/ प्रतिबंधित करने/ घटाने/ बढ़ाने का भी अधिकार है।

प. उम्मीदवारों को केवल एक आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। किसी उम्मीदवार से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने के मामले में, नवीनतम को अंतिम आवेदन माना जाएगा और पहले के आवेदनों को बिना किसी सूचना के खारिज कर दिया जाएगा।

फ. वर्तमान में सरकारी विभागों/ पीएसयू/ सरकार के स्वामित्व वाले स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित प्रक्रिया के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना होगा। उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय मूल हार्ड कॉपी में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ब. उम्मीदवारों (अंतिम वर्ष के डिप्लोमा छात्रों को छोड़कर) के पास आवेदन के समय सभी लागू डिप्लोमा प्रमाण-पत्र और मार्कशीट होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। जिन पदों के लिए अनुभव अनिवार्य है, उनके लिए विज्ञापन के अनुसार योग्यता डिग्री पूरी करने के बाद प्रासंगिक कार्य अनुभव की गणना की जाएगी।

फ. जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष में हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। तथापि, नियुक्ति इस सूचना में दिए गए पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर निर्भर होगी।

म. सभी आवेदकों को पद की आवश्यक आवश्यकताओं और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करना चाहिए। उन्हें आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है। पात्रता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी भी जांच पर विचार नहीं किया जाएगा।

य. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर अधिक लोड या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन करने में कनेक्शन कटने/ असमर्थता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

र. अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट के लिए स्लीपर क्लास रेल किराया तथा साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए सबसे छोटे मार्ग से थर्ड एसी का किराया बाहरी स्थानों के लिए स्वीकार्य है, बशर्ते यात्रा की गई दूरी 30 कि.मी. से कम न हो। डाक पते से निकटतम केंद्र के अलावा अन्य परीक्षा केंद्र का चयन करने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को एचपीसीएल वेबसाइट पर दिए गए विस्तृत यात्रा भत्ता (टीए) फॉर्म को भरना होगा तथा यात्रा के लिए यात्रा प्रमाण के साथ इसे जमा/अपलोड करना होगा। यात्रा भत्ता ऑनलाइन माध्यम से भरा जाएगा। यह प्रतिपूर्ति उन अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगी, जो पहले से ही केंद्रीय/राज्य सरकार की सेवाओं/ पीएसयू में कार्यरत हैं।

ल. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण किसी भी अस्पष्टता या विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**गलत/ झूठी जानकारी देने या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना अयोग्यता मानी जाएगी और एचपीसीएल ऐसी गलत/ झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। चूंकि सभी आवेदनों की बिना किसी दस्तावेजी साक्ष्य के जांच की जाएगी, इसलिए उम्मीदवारों को उस पद के लिए पात्रता पूरी करने के लिए खुद को संतुष्ट करना होगा जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं। यदि भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवारों ने गलत या झूठी जानकारी दी है या कोई भी पात्रता मापदंडों के संबंध में अयोग्य पाई जाती है, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि पात्रता मापदंडों के संबंध में उपर्युक्त विसंगतियों में से कोई भी, गलत/ झूठी जानकारी देने और या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाने का पता नियुक्ति के बाद भी चलता है, तो उनकी सेवाएं बिना किसी और नोटिस के समाप्त की जा सकती हैं। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में प्रचार करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

**किसी भी विवाद के लिए अधिकार क्षेत्र मुंबई में होगा।**

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि सभी आवेदन केवल हमारे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं और एचपीसीएल द्वारा किसी भी एजेंसी/ व्यक्ति को आउटसोर्स नहीं किए जाते हैं। आवेदकों को ऐसी धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।**

**कोई भी अन्य शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट केवल हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर अपलोड किया जाएगा।**

------------------------------------------------ दस्तावेज़ का अंत ------------------------------------------------